INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION
FIRST SUMMATIVE ASSESSMENT
HINDI (THIRD LANGUAGE)

कक्षा - सातवीं
दिनांक - 2/10/16

पूर्णांक - 60
अवधि - 1½ घंटा

- ☞ इस प्रश्न पत्र में प्रश्नों की कुल संख्या नौ (9) है।
- ☞ सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- ☞ सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं ।

प्रश्न-1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक- एक वाक्य में लिखिए ः- (6x2=12)

(क) मेरी भावना कविता के अनुसार हमें किन -किन पर क्रोध नहीं करना चाहिए ?
(ख) जयंत ने रमेश को कहाँ को छोड़ा था ?
(ग) हमें सुख और दुख में कैसे रहना चाहिए?
(घ) वसु के अनुसार अधिकांश लोग क्या करते हैं ?
(ङ) जगदीशचंद्र वसु के मन में क्या संर्घष चल रहा था?
(च) मिलिट्री ट्रक में कौन बैठे थे?

प्रश्न-2. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं चार प्रश्नों* के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए ः- (4x3=12)

(क) आज विश्व कैसे दौर से गुजर रहा है वर्णन कीजिए ?
(ख) शांति निकेतन में कैसा विद्यालय खोलने की कल्पना की गई ?
(ग) कार दुर्घटना में क्या हुआ उसकी भरपाई कैसे हुई?
(घ) भारतीयों को क्या और किस प्रकार भ्रष्ट कर रहा है?
(ङ) जयंत को रमेश से ईर्ष्या क्यों महसूस हुई थी?

प्रश्न-3. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ हिन्दी में लिखिए ः- (6x1=6)

(क) उर (ख) क्षोभ (ग) पग (घ) नित (ङ) अटवी (च) अकंप

प्रश्न-4. क. नीचे लिखे शब्दों को शुद्ध करके लिखिए ः- (4x½=2)

1. आपेक्षा 2. युवकी 3. जिवन 4. एतिहास

ख. नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए ः- (2x1=2)

1. पेड़ों पर तोता बैठा है । 2. वह लड़का को खाना दो ।

प्रश्न-5. क. निम्नलिखित शब्दों के *लिंग बदल* कर लिखिए ः- (4x½=2)

1. वृद्ध 2. पिताजी 3. सेवक 4. नर

ख. *रेखांकित शब्दों के लिंग बदल* कर वाक्य दोबारा लिखिए :- (2)

1. कवि छोटी कविता सुना रहा है ।
2. मेरा साथी सलाला जा रहा है ।

प्रश्न-6. नीचे लिखे वाक्यों में उचित *विशेषण शब्द भरकर* वाक्य फिर से लिखिए :- **(3)**

1. वगिया में ....फूल खिले हैं।
2. ....घर में .... बच्चे रहते हैं।

प्रश्न-7. क. निम्नलिखित शब्दों के *वचन बदल* कर लिखिए :- (2)

1. नदी 2. राह 3. मैं 4. मंत्री

ख. नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित शब्दों के *वचन बदल* कर वाक्य दोबारा लिखिए :- **(2)**

1. आज माली पौधा सींचा रहा है ।
2. बालक ने फूल तोड़ा है । ।

प्रश्न-8. मित्र को जन्मदिन पर बधाई-पत्र लिखिए । **(5)**

प्रश्न-9. प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए :- (5)

मेरे देश का नाम भारत है ।भारत अपनी प्राकृतिक और सांस्कृतिक संपदा के लिए पूरे संसार में प्रसिद्ध है ।प्रकृति ने हमें सब कुछ प्रदान किया है -हर प्रकार के पहाड़ ,मैदान ,समुद्र ,मरूस्थल आदि ।विविध तरह की भोजन सामग्री भी मेरे देश में उपलब्ध है ।हमें किसी भी सामग्री के लिए किसी और देश की ओर देखने की आवश्यकता नहीं है ।यह देश चरित्र निर्माण का देश है। यहाँ स्वामी विवेकानन्द ,रामार्जुन , भीष्म ,गांधी जैसे महापुरूषों ने जन्म लिया। गांधी जी ने हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया । इस धरती ने सभी धर्मो को समान सम्मान दिया है और पवित्र माना गया है ।हमें अपनी संस्कृति पर वहुत गर्व है । भारतीय संस्कृति की मिसाल पूरे विश्व -भर में दी जाती है । विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृतियों में भारतीय संस्कृति को अग्रिम माना जाता है ।हमें अपने देश की सभी धरोहरों को सहेज कर रखना चाहिए ।देश की उन्नति के कार्यो में बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए ।

प्र01. गांधी जी ने हमें कौन सा पाठ पढ़ाया?
प्र02. हमें अपनी संस्कृति पर क्या है ?
प्र03. भारत अपनी किन संपदाओं के लिए पूरे संसार में प्रसिद्ध है ?
प्र04. भारत की धरती ने किसको समान सम्मान दिया है ?
प्र05. ऊपरोक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक (Title)लिखिए।

प्रश्न-10. नीचे लिखे विषयों में से किसी एक विषय पर 120-130 शब्दों में निबंध लिखिए :-

क. भारत की राजधानी दिल्ली ख. खेलों का महत्त्व ग. पुस्तकालय (*5*)